सत्र-2021-2022

कक्षा- दसवीं

विषय : हिंदी

टर्म-1

मॉडल टेस्ट पेपर

समय: 1½ घंटा (बहुवैकल्पिक प्रश्नों से सम्बन्धित परीक्षा) पूर्णांक =40X1=40

नोट : (i) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। सभी विकल्पों को ध्यानपूर्वक, सोच-समझकर विद्यार्थी सही विकल्प चुनें।

1. 'परोपकार' शब्द का सही संधि-विच्छेद चुनिए -

(a) पर + ओपकर (b) परो+उपकार (c) पर+ ऊपकार (d) पर+उपकार

2.' परमात्मा ' शब्द का सही संधि-विच्छेद चुनिए -

(a) पर+आत्मा (b) परमा + त्मा (c) परम + आत्मा (d) परमा + तमा

3. ' जेबखर्च' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए -

(a) जेब के लिए खर्च (b) जेब को खर्च (c) जेब में खर्च (d) जेब से खर्च

4.' धनहीन' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए -

(a) धन से हीन (b) धन के लिए हीन (c) धन का हीन (d) धन में हीन

5. ' स्वस्थ ' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनिए -

(a) स्वास्थ (b) स्वास्थ्य (c) स्वास्थय (d) स्वास्थ्यता

6.' माता' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनिए -

(a) मात्र (b) मात (c) मातृत्व (d) मातृ

7. ' विज्ञान ' शब्द का सही 'विशेषण' शब्द चुनिए -

(a) विज्ञानक (b) ज्ञानी (c) वैज्ञानिक (d) विज्ञानिक

8. ' अपेक्षा ' शब्द का सही 'विशेषण' शब्द चुनिए -

(a) उपेक्षित (b) आवश्यक (c) उपेक्षित (d) अपेक्षित

9.' आँख ' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए -

(a) अश्रु (b) नयन (c) अंबर (d) आँसू

10. ' दिन' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए -

(a) वार (b) सोमवार (c) रविवार (d) मंगलवार

11.' अन्न-अन्य' समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म के सही अर्थ का विकल्प चुनिए-

(a) जल-वायु (b) अग्नि -वायु (c) अनाज- दूसरा v दूसरा - अनाज

12.' उधार-उद्धार' समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म के सही अर्थ का विकल्प चुनिए-

(a) कोमल-कर्ज़ (b) कर्ज़-उबारना (c) उबारना - कर्ज़ (d) कर्ज़- कोमल

13. 'प्रशंसा करने योग्य 'अनेक शब्दों के लिए सही एक शब्द चुनिए-

(a) प्रशंसनीय (b) त्रैमासिक (c) पैतृक (d) प्रत्यक्ष

14. 'ऊपर कहा गया' 'अनेक शब्दों के लिए सही एक शब्द चुनिए-

(a) ऊपरी (b) उपयुक्त (c) उपर्युक्त (d) ऊपर से

15. 'उन्नति 'शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए-

(a) विकास (b) प्रगति (c) वृद्धि (d) अवनति

16.' सुकर्म 'शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए-

(a) कुविचार (b) कुकर्म (c) कर्महीन (d) कुमार्ग

17. 'अर्थ 'शब्द के अनेकार्थक शब्द का सही विकल्प चुनिए-

(a) जवाब, दिशा, भाग्य (b) कारण, धन, इच्छा

(c) समय, मौसम, अंत (d) सभी, कुल,वंश

18. 'घोड़ा' शब्द के अनेकार्थक शब्द का सही विकल्प चुनिए-

(a) अश्व, घोड़े के आकार का बंदूक आदि का खटका (ख) अश्व, धतूरा

(c) अश्व, घन (घ) कनक, धतूरा

19. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :-

(a) मैं स्कूल जाना है। (b) मुझे स्कूल जाना है ।

(c) मेरे को स्कूल जाना है । (d) मेरे द्वारा स्कूल जाना है ।

20. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :-

(a) अरविन्द स्कूल को जा रहा है (b) अरविन्द स्कूल में जा रहा है

(c) अरविन्द स्कूल के लिए जा रहा है (d) अरविन्द स्कूल जा रहा है

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न 21-25 तक बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सामान्य पत्र-पत्रिकाओं से विद्यालय पत्रिका की रूपरेखा कुछ भिन्न होती है। इसमें प्रकाशित होने वाली सामग्री की रचना मुख्यतः विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा की जाती है। अध्यापकों की भी कुछ रचनाएं होती हैं। संपादक-मंडल द्वारा संपादकीय में पत्रिका के उद्देश्य तथा पत्रिका की सामग्री से सम्बन्धित विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला जाता है। प्रबंध समिति के सचिव अथवा प्रधानाचार्य की ओर से अपने प्रकाशित वक्तव्य में विद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला जाता है। इसी लेख में भावी योजनाओं तथा आवश्यकतानुसार अपनी सीमाओं की चर्चा करते हुए जन-सहयोग की कामना प्रकट की जाती है। प्रधानाचार्य अपने लेख में विद्यालय की शिक्षागत विशिष्टताओं की चर्चा करते हुए जहाँ एक ओर अध्यापक बंधुओं तथा छात्रों के प्रति प्रेरणाप्रद शुभकामनाएं व्यक्त करते हैं ,वहीं दूसरी ओर अभिभावकों ,स्थानीय जनों एवं हितषियों के सहयोगार्थ उनके

प्रति आभार प्रकट करते हैं। पत्रिका के अन्य स्तंभों में विभिन्न विषयों पर लेख,संस्मरण, कहानियाँ, कविताएं,एकांकी ,लघु कथाएं, हास्य-व्यंग्य भरे चुटकले, सूक्तियाँ तथा शिक्षा जगत के विशिष्ट समाचार एवं सूचनाएं प्रकाशित की जाती हैं। विद्यालय की उपलब्धियों पर सचित्र लेख भी छापे जाते हैं।

(21) प्रधानाचार्य अपने लेख में किस बात की चर्चा करते हैं ?

(a) प्रबंध समिति के कार्यों की (b) अध्यापकों की कमियों की

(c) विद्यार्थियों की कमियों की (d) विद्यालय की शिक्षागत विशिष्टताओं की

(22) निम्नलिखित में से विद्यालय पत्रिका की सामग्री का विषय नहीं होगा-

(a) शिक्षा जगत के समाचार (b) सामान्य पत्रिका की सामग्री

(c) विद्यालय की उपलब्धियाँ (d) साहित्यिक रचनाएं

(23) विद्यालय पत्रिका के स्तंभों में पद्य भाग कौन सा होता है?

(a) कहानियाँ (b) लघु कथाएं (c) संस्मरण (d) कविताएं

24.' वक्तव्य 'शब्द का अर्थ लिखिए।

(a) वक्ता (b) श्रोता (c) कथन (d) अस्पष्ट कथन

25. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(a) सामान्य पत्रिका (b) विद्यालय (c) मेरा विद्यालय (d) संपादक मंडल का महत्व

26. 'दोहावली' पाठ के अनुसार संत किसकी भांति नीर- क्षीर विवेक करते हैं ?

(a) सुख (b) हंस (c) वानर (d) तुलसीदास

27.'पदावली' पाठ के अनुसार मीरा किसे अपने नयनों में बसाना चाहती है ?

(a) राम (b) बलराम (c) श्री कृष्ण (d) संत

28. 'ममता' पाठ के अनुसार ममता कौन थी ?

(a) मंत्री चूड़ामणि की बेटी (b) हुमायूँ की बेटी

(c) अकबर की बेटी (d) शहंशाह की बेटी

29. 'अशिक्षित का हृदय ' पाठ के अनुसार बूढ़े मनोहर ने रुपए लौटाने की मोहलत कब तक की माँगी थी ?

(a) 10 महीने (b) एक सप्ताह (c) चार महीने (d) एक साल

30. 'नर्स' पाठ के अनुसार वार्ड में कुल कितने बच्चे थे ?

(a) 6 (b) 7 (c) 12 (d) 9

31.'मित्रता' पाठ के अनुसार किस प्रकार के मित्र से भारी रक्षा रहती है ?

(a) नौजवान (b) मोटा तगड़ा (c) विश्वासपात्र (d) अमीर

32. 'मैं और मेरा देश' पाठ के अनुसार कमालपाशा कौन थे ?

क. भारत के राष्ट्रपति (b) तुर्की के राष्ट्रपति

(c) के राष्ट्रपति (d) अमेरिका के राष्ट्रपति

33. 'मैं और मेरा देश' पाठ के अनुसार किसान ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को क्या उपहार दिया ?

(a) रंगीन सुतलियों से बुनी खाट (b) एक लोहे की अलमारी

(c) किताब (d) पाव भर शहद

34. 'राजेन्द्र बाबू' पाठ के अनुसार लेखिका महादेवी वर्मा ने प्रथम बार राजेन्द्र बाबू को कहाँ देखा ?

(a) पटना के स्टेशन पर (b) पटना के पुस्तकालय में

(c) पटना के बस अड्डे पर (d) पटना के हवाई अड्डे पर

35. 'सूखी डाली' पाठ के अनुसार बेला का मायका किस शहर में था ?

(a) अमृतसर ख. सियालकोट ग. पठानकोट घ. लाहौर

36.'अंगूठा दिखाना 'मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(a) अपने हाथ का अँगूठा दिखाना (b) अपने हाथों के अँगूठे दिखाना

(c) साफ़ मना करना (d) मुक्का मारना

37.'कफन सिर पर बाँधना 'मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(a) मरने पर अपने सिर पर कफन बाँधना

(b) मरे हुए के सिर पर कफन बाँधना

(c) कफन बाँधकर जगह-जगह घूमना

(d) मरने के लिए तैयार रहना

38.'कथनी नहीं, करनी चाहिए' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(a) कथनी बढ़ा-चढ़ाकर करनी चाहिए (b) बातें खूब करनी चाहिएं

(c) जब कोई इन्सान बातें तो बहुत करता है परन्तु करता कुछ भी नहीं

(d) करनी से कथनी भली होती है

39.'आस्तीन का साँप 'मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(a) साँप को आस्तीन में रखना (b) कपटी मित्र

(c) साँप को थैले में रखना (d) साँप को टोकरी में रखना

40'अधूरा छोड़े सो पड़ा रहे ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(a) थकने से अच्छा है,काम अधूरा छोड़ देना चाहिए।

(b) काम पूरा न हो तो थककर बैठ जाना बेहतर होता है ।

(c) जो कार्य बीच में छोड़ दिया जाता है तो वह प्राय: अधूरा ही रह जाता है ।

(d) सारे कामों को अधूरा छोड़कर फिर उन्हें बारी से पूरा करना चाहिए।